www.livehindustan.com
हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
6 जून 2022, नोएडा, नगर संस्करण
वर्ष 87, अंक 133, 16 पेज+4 पेज लाइव, मूल्य ₹ 3.50, एचटी एज के साथ ₹ 4.50 एवं हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ ₹ 9.00 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण

आइफा में बेस्ट एक्टर विक्की कौशल ने इरफान को समर्पित किया अपना पुरस्कार
P-16

पौधे लगा देखभाल का संकल्प लिया

ग्रेटर नोएडा, हिन्दुस्तान टीम। विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में जगह-जगह कार्यक्रम होने के साथ पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही पौधों के रखरखाव का भी संकल्प लिया गया।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की स्वैग टीम और नेफोवा ने चारमूर्ति से डी-पार्क तक साइकिल रैली का आयोजन किया। डी-पार्क में पौधरोपण किया। मौके पर स्वैग ग्रुप की संस्थापक भावना गौर मौजूद रहीं।

ग्रेनो वेस्ट के गौड़ सिटी मॉल में बच्चों ने जंगल सफारी आनंद लिया। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की शिवा साइकिल (फायर फॉक्स) एंव नोएडा एक्सटेंशन साइक्लिस्ट क्लब के सहयोग से 50 किलोमीटर साइकिल राइड आयोजित की गई। इसमें 70 राइडर्स ने भाग लिया, जिसमें 20 महिलाएं एंव वरिष्ठ नागरिक शामिल रहे।

5000 पेड़ लगाएंगे : पूर्वांचल सिल्वर सिटी 2 सोसायटी में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। आरडब्ल्यूए ने इस सप्ताह के भीतर 5000 पेड़ लगाने की योजना बनाई है। संकल्प संस्था ने धूम-मानिकपुर गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पहुंच कर छात्रों के मध्य पर्यावरण दिवस मनाया। शहर के सेक्टर अल्फा-1 आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने ब्रह्माकुमारियों के साथ मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम सेक्टर के अशोक वाटिका पार्क में आयोजित किया गया। यमुना सिटी को हराभरा बनाने के लिए यमुना विकास प्राधिकरण जुट गया है। इस मानसून सत्र में यमुना प्राधिकरण सवा लाख पौधे लगाएगा। इसकी शुरुआत रविवार को हो गई।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ ने रविवार को पौधरोपण किया। • हिन्दुस्तान